आवधिक परीक्षा २

कक्षा - नवीं

समय -१ १/३० घंटे **विषय –हिंदी** **पूर्णांक - 40**

प्रश्न १: निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर निचे दिए प्रश्नो के उत्तर लिखिए -(2*3= 6 अंक)

अपने परिवार में कई पीढ़ियों के बाद उत्पन्न हुई ,मेरे परिवार में प्राय: दो सौ वर्ष तक कोई लड़की थी ही नहीं ! सुना है ,उसके पहले लड़कियों को पैदा होते ही परमधाम भेज देते थे ! फिर मेरे बाबा ने बहुत दुर्गा -पूजा की ! हमारी कुल -देवी दुर्गा थीं ! मैं उत्पन्न हुई ,तो मेरी बड़ी खातिर हुई और मुझे वह सब नहीं सहना पड़ा ,जो अन्य लड़कियों को सहना पड़ता है ! परिवार में बाबा फ़ारसी और उर्दू जानते थे ! पिता ने अंग्रेजी पढ़ी थीं ! हिंदी का कोई वातावरण नहीं था !

(i) महादेवी जी से पूर्व उनके परिवार में लड़कियों की क्या दशा थीं ?
(ii) महादेवी वर्मा के बाबा ने किस देवी की पूजा की ?
(iii) ' हिंदी का कोई वातावरण नहीं था ' - इस पंक्ति का क्या अभिप्राय है ?

प्रश्न २: निम्नलिखित काव्यांश को पढ़ कर निचे दिए प्रश्नो के उत्तर लिखिए -(2*3= 6 अंक)

क्षितिज अटारी गहराई दामिनी दमकी
क्षमा करो गांठ खुल गई अब भरम की
बाँध टूटा झर-झर मिलन के अश्रु ढ़रके
मेघ आये बड़े बन-ठन के संवर के।

(i) बादलों के लिए क्षितिज पैर छाने से पहले क्या भ्रम बना हुआ था !
(ii)” क्षमा करो गांठ खुल गई अब भरम की ” कवि ने ऐसा क्यों कहा ?
(iii) ‘ बाँध टूटा झर-झर मिलन के अश्रु ढ़रके ’इस पंक्ति का अर्थ मानवीकरण रूप में चित्रित कीजिये !

प्रश्न ३: निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर लिखिए (2*7= 14 अंक)

(i) पाठ में हरिशंकर परसाई ने प्रेमचंद का जो शब्द चित्र हमारे सामने प्रस्तुत किया है !उससे प्रेमचंद के व्यक्तित्व की कौन –

कौन सी विशेषताए उभरकर आती है ?

(ii) लेखिका उर्दू फर्शी क्यों नहीं सीख पाई ?

(iii) लेखिका ने अपने माँ के व्यक्तित्व की किन विशेषताओ का उल्लेख किया है ?

(iv) पाठ में " टीले " शब्द का प्रयोग किन संदर्भ में किया गया है ?

(v) लता ने बदल रूपी मेहमान को किस तरह देखा और क्यों ?

(vi) मेघ रूपी मेहमान के आने से वातावरण में क्या परिवर्तन हुआ ?

(vii) आपके दृष्टि में वेश -भूषा के प्रति लोगो की सोच में आज क्या परिवर्तन आया है ?

प्रश्न ४: निम्नलिखित कृतिका भाग एक के प्रश्नो का उत्तर दीजिये (2*3= 6 अंक)
(i) रीढ़ की हड्डी शीर्षिक की सार्थकता स्पष्ट कीजिये ?
(ii) एकांकी के आधार पर राम स्वरूप और गोपाल प्रसाद की चारित्रिक विशेषताए बताए ?
(iii) 'भूख मीठी की भोजन मीठा ' से क्या अभिप्राय है ?

प्रश्न ५: अपने क्षेत्र में पेड़ - पौधों की अनियंत्रित कटाई को रोकने के लिए जिलाधिकिरी को पत्र लिखिए ! (1*5= 5 अंक)

अथवा

परीक्षा में असफल हुए मित्र को पुनः अध्यन के लिए प्रेरित करते हुए एक पत्र लिखिए !

प्रश्न ६: निर्देशानुसार उत्तर दीजिये – (1*3= 3 अंक)

(i)'दुर्जन ' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग व मूल शब्द लिखिए

(ii)'स्व' उपसर्ग से दो शब्द बनाए

(iii)'गरमाहट' शब्द में प्रयुक्त व मूल शब्द लिखिए